**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1168**

**मंगलवार, 30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम**

**1168. श्री मड्डीला गुरूमूर्तिः**
**श्री पुट्टा महेश कुमारः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम के अंतर्गत राज्य-वार और जिला-वार विशेषकर आंध्र प्रदेश के संदर्भ में लाभार्थियों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत स्थापित उद्योगों, विशेषकर 18-35 वर्ष की आयु के व्यक्तियों द्वारा उक्त अवधि के दौरान शुरू किए गए उद्योगों का राज्य-वार और जिला-वार विशेषकर आंध्र प्रदेश के संदर्भ में ब्यौरा क्या है तथा कुल संख्या कितनी है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान इस योजना से जुड़े इन्क्यूबेटरों का राज्य-वार और जिला-वार विशेषकर आंध्र प्रदेश के संदर्भ में ब्यौरा क्या है तथा कुल संख्या कितनी है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान स्टार्टअप इंडिया योजना के प्रयोजनों के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार और जिला-वार विशेषकर आंध्र प्रदेश के संदर्भ में ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए 18-35 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को कोई प्रोत्साहन देने पर विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) इन स्टार्टअप्स की प्रगति और वर्तमान वित्तीय व्यवहार्यता का ब्यौरा क्या है; और

(छ) अकेले वर्ष 2022-23 के दौरान सीड स्टेज पर वित्त पोषित स्टार्टअप्स की संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) से (ङ):** स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस) वर्ष 2021-22 से 4 वर्ष के लिए अनुमोदित की गई है जिसका कॉर्पस 945 करोड़ रुपए है। एसआईएसएफएस की विशेषज्ञ सलाहकार समिति (ईएसी), निधि के आबं टन के लिए इन्क्यूबेटर्स का मूल्यांकन और चयन करती है। अनुमोदित इन्क्यूबेटर्स, दिशानिर्देशों के अनुसार स्टार्टअप्स का चयन करते हैं। एसआईएसएफएस 1 अप्रैल, 2021 से लागू है।

30 जून, 2024 की स्थिति के अनुसार, एसआईएसएफएस के तहत अब तक 862.84 करोड़ रुपए की सहायता के साथ 205 इन्क्यूबेटर्स को अनुमोदित किया गया है जिनमें से चयनित इन्क्यूबेटर्स को 402.83 करोड़ रुपए संवितरित किए गए हैं। एसआईएसएफएस के तहत अनुमोदित इन्क्यूबेटर्स ने नि धीयन के लिए देशभर में डीपीआईआईटी द्वारा मान्यताप्राप्त 2,332 स्टार्टअप्स को चुना है।

विशेष रूप से आंध्र प्रदेश राज्य के लिए, 29.40 करोड़ रुपए की सहायता के साथ 7 इन्क्यूबेटर्स को अनुमोदित किया गया है। 30 जून, 2024 की स्थिति

के अनुसार, इस स्कीम के तहत अनुमोदित इन्क्यूबेटर्स ने आंध्र प्रदेश राज्य से 45 मान्यताप्राप्त स्टार्टअप्स को चुना है।

एसआईएसएफएस के प्रचालनरत होने (1 अप्रैल, 2021 से) के बाद से 30 जून, 2024 तक इस स्कीम के तहत अनुमोदित इन्क्यूबेटर्स का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

एसआईएसएफएस के प्रचालनरत होने (1 अप्रैल, 2021 से) के बाद से 30 जून, 2024 तक इस स्कीम के तहत आंध्र प्रदेश में इन्क्यूबेटर्स और स्टार्टअप्स का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

इन्क्यूबेटर्स द्वारा इस स्कीम के तहत चुने गए स्टार्टअप्स की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-III** में दिया गया है।

एसआईएसएफएस के तहत आने वाले लाभ समावेशी हैं तथा सभी आयु-वर्ग के लोग इन्हें प्राप्त कर सकते हैं।

**(च) :** एसआईएसएफएस के तहत, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश राज्य में, अनुमोदित इन्क्यूबेटर्स ने संसूचित किया है कि एसआईएसएफएस के अंतर्गत उपलब्ध सहायता के परिणामस्वरूप चुने गए अनेक स्टार्टअप्स ने अपने लक्ष्य प्राप्त कर लिए हैं जैसे प्रोटोटाइप का विकास, उत्पाद विकास, और बाहरी निधि जुटाना।

**(छ) :** एसआईएसएफएस के तहत, 30 जून, 2024 की स्थिति के अनुसार, अनुमोदित इन्क्यूबेटर्स ने देशभर से 2,332 मान्यताप्राप्त स्टार्टअप्स को चुना है जिनमें से वर्ष 2022 में 569 मान्यताप्राप्त स्टार्टअप्स को चुना गया तथा वर्ष 2023 में 1,025 मान्यताप्राप्त स्टार्टअप्स को चुना गया।

*****

**अनुबंध-I**

**दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1168 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

एसआईएसएफएस के प्रचालनरत होने (1 अप्रैल, 2021 से) के बाद से 30 जून, 2024 तक इस स्कीम के तहत अनुमोदित इन्क्यूबेटर्स का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | इन्क्यूबेटर्स की संख्या | कुल अनुमोदित निधि (करोड़ रुपए में) | कुल संवितरित निधि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 7 | 29.40 | 10.90 |
| 2. | असम | 2 | 7.35 | 2.87 |
| 3. | बिहार | 4 | 18.90 | 7.22 |
| 4. | छत्तीसगढ़ | 2 | 3.15 | 1.56 |
| 5. | दिल्ली | 11 | 47.25 | 22.05 |
| 6. | गोवा | 4 | 12.39 | 6.82 |
| 7. | गुजरात | 21 | 78.75 | 33.09 |
| 8. | हरियाणा | 5 | 16.80 | 7.14 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 3 | 13.65 | 3.36 |
| 10. | जम्मू और कश्मीर | 1 | 5.25 | 2.10 |
| 11. | झारखंड | 1 | 4.20 | 1.68 |
| 12. | कर्नाटक | 20 | 89.78 | 48.33 |
| 13. | केरल | 5 | 18.90 | 9.44 |
| 14. | मध्य प्रदेश | 7 | 26.25 | 11.17 |
| 15. | महाराष्ट्र | 28 | 105.53 | 47.36 |
| 16. | मिजोरम | 2 | 4.20 | 1.68 |
| 17. | नागालैंड | 2 | 7.35 | 2.94 |
| 18. | ओडिशा | 10 | 39.38 | 15.59 |
| 19. | पुदुचेरी | 2 | 8.40 | 5.85 |
| 20. | पंजाब | 9 | 38.85 | 17.01 |
| 21. | राजस्थान | 11 | 53.03 | 25.64 |
| 22. | सिक्किम | 1 | 3.15 | 2.17 |
| 23. | तमिलनाडु | 20 | 91.35 | 45.09 |
| 24. | तेलंगाना | 12 | 66.10 | 35.25 |
| 25. | उत्तर प्रदेश | 12 | 57.75 | 27.07 |
| 26. | उत्तराखंड | 2 | 10.50 | 5.78 |
| 27. | पश्चिम बंगाल | 1 | 5.25 | 3.68 |
| | **कुल** | **205** | **862.84** | **402.83** |

*****

**दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1168 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

एसआईएसएफएस के प्रचालनरत होने (1 अप्रैल, 2021 से) के बाद से 30 जून, 2024 तक इस स्कीम के तहत आंध्र प्रदेश में इन्क्यूबेटर्स और स्टार्टअप्स का जिला-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | जिला | इन्क्यूबेटर्स की संख्या | इन्क्यूबेटर्स को अनुमोदित कुल निधि (करोड़ रुपए में) | इन्क्यूबेटर्स को संवितरित कुल निधि (करोड़ रुपए में) | चुने गए स्टार्टअप्स की संख्या | स्टार्टअप्स को अनुमोदित कुल निधि (करोड़ रुपए में) | स्टार्टअप्स को संवितरित कुल निधि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अनंतपुर | 1 | 2.1 | 1.47 | 3 | 0.14 | 0.11 |
| 2. | चित्तूर | 1 | 2.1 | 1.45 | 4 | 0.91 | 0.15 |
| 3. | पूर्व गोदावरी | 0 | 0 | 0 | 5 | 0.95 | 0.60 |
| 4. | गुंटूर | 1 | 4.2 | 1.68 | 1 | 0.4 | 0.24 |
| 5. | कृष्णा | 0 | 0 | 0 | 4 | 0.33 | 0.18 |
| 6. | तिरुपति | 0 | 0 | 0 | 1 | 0.05 | 0.05 |
| 7. | विशाखापटनम | 3 | 15.75 | 4.20 | 19 | 3.13 | 1.83 |
| 8. | विजयनगरम | 0 | 0 | 0 | 1 | 0.1 | 0.10 |
| 9. | पश्चिम गोदावरी | 1 | 5.25 | 2.10 | 4 | 0.7 | 0.33 |
| 10. | वाईएसआर | 0 | 0 | 0 | 3 | 0.33 | 0.23 |
| | **कुल** | **7** | **29.4** | **10.9** | **45** | **7.04** | **3.81** |

*****

**दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1168 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

एसआईएसएफएस के प्रचालनरत होने (1 अप्रैल, 2021 से) के बाद से 30 जून, 2024 तक इस स्कीम के तहत चुने गए स्टार्टअप्स की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | चुने गए स्टार्टअप्स की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 45 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 1 |
| 4. | असम | 33 |
| 5. | बिहार | 44 |
| 6. | चंडीगढ़ | 13 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 15 |
| 8. | दिल्ली | 161 |
| 9. | गोवा | 19 |
| 10. | गुजरात | 171 |
| 11. | हरियाणा | 109 |
| 12. | हिमाचल प्रदेश | 16 |
| 13. | जम्मू और कश्मीर | 10 |
| 14. | झारखंड | 14 |
| 15. | कर्नाटक | 313 |
| 16. | केरल | 54 |
| 17. | मध्य प्रदेश | 98 |
| 18. | महाराष्ट्र | 419 |
| 19. | मणिपुर | 3 |
| 20. | मेघालय | 2 |
| 21. | मिजोरम | 4 |
| 22. | नागालैंड | 15 |
| 23. | ओडिशा | 67 |
| 24. | पुदुचेरी | 6 |
| 25. | पंजाब | 33 |
| 26. | राजस्थान | 84 |
| 27. | सिक्किम | 2 |
| 28. | तमिलनाडु | 220 |
| 29. | तेलंगाना | 145 |
| 30. | उत्तर प्रदेश | 165 |
| 31. | उत्तराखंड | 16 |
| 32. | पश्चिम बंगाल | 34 |
| | **कुल** | **2,332** |

*****